Regarding need to extend services of Maurya Express upto Puri in Odisha-laid

श्री रवि किशन (गोरखपुर)**:** मैं रेल मंत्री जी का ध्यान गोरखपुर से पुरी के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी स्थापित करने की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं । गाड़ी संख्या 15027/ 15028 गोरखपुर-हटिया, मौर्य एक्सप्रेस को पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा एक अतिरिक्त रैक देकर हटिया से राउरकेला, झारसुगुड़ा पर ठहराव देते हुए संबलपुर तक चलने की अनुशंसा दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा रेलवे बोर्ड से की गई है । चूँकि उक्त प्रस्ताव के अनुसार संबलपुर तक रूट विस्तार होने के पश्चात मौर्य एक्सप्रेस संबलपुर में 19 घंटे 45 मिनट तक खड़ी रहेगी तो ऐसी परिस्थिति में यदि ट्रेन को संबलपुर से आगे संबलपुर सिटी, अंगुल, तालचेर रोड, ढेंकनाल, भुवनेश्वर तथा खुरदा रोड होते हुए पुरी तक चलाया जाए तो इससे गोरखपुर दैनिक तौर पर भुवनेश्वर तथा पुरी जैसी तीर्थ नगरियों से जुड़ जाएगा जिससे तीर्थ यात्रियों को सुविधा प्राप्त होगी ।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि उक्त विषय पर जनहित में विचार करते हुए मांग को पूरा करने की कृपा करें, जिससे आमजन को सुविधा का लाभ प्राप्त हो सके ।